# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

रावतभाटा रोड कोटा (राज) 324021

---

क्रमांकः—वमखुवि/स्थापना दिवस/खेलकूद/2014/ 914 दिनांक :— 2/7/14

समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक
वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय
कोटा/जयपुर/जोधपुर/बीकानेर/अजमेर/उदयपुर

विषयः—दिनांक 22—07—2014 को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के 27वॉ स्थापना दिवस के उपलक्ष में दिनांक 22—07—14 एवं 23—07—14 को (दो दिवसीय) विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसी सन्दर्भ में दिनांक 22—07—14 को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बैडमिन्टन, टेबिल टेनिस, कैरम, बॉलीबॉल, दौड (100 मीटर) एवं म्यूजिकल चेयर आदि की प्रतियोगितायें आयोजित की जायेगी।

पिछले वर्ष की भॉति इस वर्ष भी सभी क्षेत्रीय केन्दों की सहभागिता कोटा स्थित मुख्यालय पर सुनिश्चित की गई है। अतः विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रवष्टियॉ आमंत्रित की जाती हैं।

क्षेत्रीय केन्द्रों से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विश्वविद्यालय नियमानुसार यात्रा एवं दैनिक भत्ता देय होगा।

इच्छुक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टियॉ अपने विभागाध्यक्ष के माध्यम से दिनांक 15—07—2014 तक आवश्यक रूप से श्री भूपेन्द्र जैन, सहायक अनुभाग अधिकारी को व्यक्तिशः अथवा ई—मेल ( bjain@vmou.ac.in ) से भिजवा दें। उक्त तिथि के बाद किसी भी आवेदन पत्र पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जायेगा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभगियों का नाम व समय सारणी दिनांक 18—07—2014 को intranet.vmou.ac.in व ई.मेल के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जायेगा।

बैडमिन्टन एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी को रेकिट स्वयं लाना होगा।

समन्वयक
खेलकूद

प्रतिलिपि सूचनार्थः—

1. सचिव, कुलपति सचिवालय, व.म.खु.वि. कोटा।
2. कुलसचिव, व.म.खु.वि. कोटा।
3. वित अधिकारी, व.म.खु.वि. कोटा।
4. प्रभारी, वेब साइट व.म.खु.वि. कोटा को भेजकर लेख है कि उपरोक्त जानकारी वेब साइट पर अपलोड करें।

समन्वयक
खेलकूद